# कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश रतलाम म.प्र.

**वातानुकूलित संयत्र (AIR CONDITIONERS) क्रय हेतु**

**:– विज्ञप्तिः–**

क्रमांक 2820 /2017 रतलाम, दिनांक 15/09/2017

सर्व साधारण को इस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचित किया जाता है कि माननीय उच्च न्यायालय के ज्ञापन क्र. बी/342/चार4=8/2016 दिनांक 17.01.17 के पालन में प्रदेश के न्यायिक अधिकारियों के न्यायालय एवं विश्राम कक्ष में ए.सी. स्थापित करने संबधी नीति अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2017–18 में इस न्यायिक जिला स्थापना पर कार्यरत उच्च न्यायिक सेवा के न्यायिक अधिकारियों के न्यायालय कक्ष/विश्राम कक्ष हेतु कुल 06 नग 2.0 टन क्षमता के स्पिलट ए.सी. एवं कुल 6 नग 1.5 टन क्षमता के स्पिलट ए.सी. मय स्टेपलाईजर, स्टेण्ड एवं इंस्टालेशन चार्ज सहित विभिन्न प्रतिष्ठित ब्रांड/संस्थाओं से म.प्र. भण्डार क्रय एवं उपार्जन नियम 2015 की कंडिका 11.2 के पालन में दिनांक 13.10.2017 तक निर्धारित शर्तो के अधीन सील बंद लिफाफे में आमत्रित की जाती है । निविदा जमा करने की अंतिम तिथी दिनांक 13.10.2017 को शाम 5.30 बजे तक है । अंतिम दिनांक तक प्राप्त समस्त निविदाए, निविदाकर्ताओं एवं क्रय समिति जिला न्यायालय की उपस्थिति में दिनांक 14.10.2017 को प्राप्त 11.00 बजे जिला न्यायालय रतलाम में खोली जावेगी । विस्तृत निविदा शर्तो की जानकारी माननीय उच्च न्यायालय की वेबसाईट **www.mphc.in** एवं शासकीय टेण्डर पोर्टल **www.tendres.gov.in** पर उपलब्ध है ।

**जिला एवं सत्र न्यायाधीश**

**रतलाम**

## ::निविदा शर्तें::

1. निविदा दस्तावेज एक सीलबंद लिफाफे में जिसके अन्दर दो पृथक सीलबंद लिफाफे (तकनीकी बिड एवं वित्तीय बिड) के साथ जमा किये जावेंगे एवं प्रत्येक लिफाफे पर स्पष्टतः तकनीकी बिड एवं वित्तीय बिड अंकित होना आवश्यक रूप से दर्शाई जावे। कोई भी निविदा विज्ञप्ति में दर्शित अंतिम दिनांक के बाद स्वीकार नहीं की जावेगी। पोस्ट अथवा कोरियर से निविदाओं को भेजा जा सकेगा, किन्तु इस माध्यम से समय उपरांत प्राप्त निविदाओं के लिये कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायालय रतलाम उत्तरदायी नहीं होगा।
2. निविदाकर्ता द्वारा तकनीकी बिड में जिला एवं सत्र न्यायालय रतलाम के नाम 20,000/– (बीस हजार रूपये) मूल्य की निविदा प्रतिभूति राशि डी.डी. के रूप में जमा किये जाने बाबत् सहमति पत्र, निविदा शर्तें मानने बाबत् हस्ताक्षरित पत्र, विगत 03 वित्तीय वर्षों का आयकर रिटर्न, सर्विस टैक्स पंजीयन, वेट रजिस्ट्रेशन, पैन नम्बर, मान्य टिन नम्बर, कंपनी प्रोफाईल/टर्न ओवर समाहित होगा। इसके अतिरिक्त निविदाकर्ताओं को ए0सी0 की सैल्स, सर्विस एवं टैक्निकल सपोर्ट में न्यूनतम 03 वर्षों का अनुभव प्रमाण–पत्र तथा विगत 03 वर्षों में केन्द्र शासन/राज्य शासन/प्रतिष्ठित निजी संस्थान में ए0सी0 की निविदाएं ही प्रस्तुत की जायेगी तथा निविदा की सम्पूर्ण शर्तों की प्रतिपूर्ति किया जाना आवश्यक है।
3. माननीय उच्च न्यायालय म0प्र0 जबलपुर से निविदा स्वीकृति की अनुशंसा एवं प्रशासकीय तथा वित्तीय स्वीकृति प्राप्त होने के उपरांत इस कार्यालय द्वारा सूचना दिये जाने के 03 दिवस के अन्दर सफल निविदाकर्ता द्वारा रू. 20,000/– (बीस हजार रूपये) की निविदा प्रतिभूति राशि जिला एवं सत्र न्यायाधीश रतलाम के नाम से किसी भी वाणिज्यिक बैंक का डिमाण्ड ड्राफ्ट के रूप में जमा करने पर ही सामग्री का क्रय आदेश जारी किया जावेगा।
4. सफल निविदाकर्ता द्वारा क्रय की जाने वाली सामग्री प्रदाय एवं इंस्टालेशन किये जाने के उपरांत विभागीय क्रय समिति द्वारा निविदा अनुरूप गुणवत्ता एवं निर्धारित मानक अनुसार पाये जाने का प्रतिवेदन प्राप्त होने के उपरांत ही देयक भुगतान की कार्यवाही की जावेगी अन्यथा सामग्री मूलतः विक्रेता के व्यय पर वापिस की जावेगी।
5. तकनीकी बिड का लिफाफा समस्त निविदाकर्ताओं की उपस्थिति में दिनांक 14.10.2017 को प्रात 11:00 खोला जावेगा। यदि निविदाकर्ता का कोई प्रतिनिधि उपस्थित होना चाहता है तो निविदाकर्ता को इस बाबत् संस्था द्वारा अधिकृत पत्र प्रस्तुत करना होगा। तकनीकी बिड में दर्शित दस्तावेजों एवं निविदा शर्तों के मूल्यांकन पश्चात् क्रय समिति द्वारा बिड में दर्शित सामग्री के तकनीकी मापदंडों में सफल पाये जाने पर ही निविदाकर्ता की वित्तीय बिड का लिफाफा खोला जावेगा।

6. सफल निविदाकर्ता को क्रय आदेश जारी होने के पश्चात् क्रय आदेश मूल्य के 05 प्रतिशत मूल्य की राशि निष्पादन प्रतिभूति के रूप में डी0डी0/एफ0डी0आर0 द्वारा जिला एवं सत्र न्यायाधीश रतलाम के नाम से जमा करानी होगी, जो ए0सी0 इंस्टालेशन होने से 60 दिवस की अवधि तक मान्य होगी। उक्त निष्पादन प्रतिभूति के प्राप्त होने के पश्चात् सफल निविदाकर्ता को पूर्व में जमा निविदा प्रतिभूति लौटा दी जावेगी। समी निविदाकर्ता निर्धारित आई0एस0ओ0 प्रमाण–पत्रों का पालन सुनिश्चित करें।

7. निविदाकर्ता द्वारा निविदा में प्रस्तुत प्रत्येक ए0सी0 पर न्यूनतम 05 वर्षों की ऑनसाईट वारण्टी एवं स्टेप्लाईजर पर न्यूनतम 03 वर्षों की वारण्टी प्रदान किया जाना आवश्यक होगा। वारण्टी अवधि में ए0सी0 अथवा स्टेप्लाईजर में किसी प्रकार की समस्या आने पर 02 कार्य दिवसों में ठीक कराया जाना अनिवार्य होगा। इसके अतिरिक्त सफल निविदाकर्ता को क्रय आदेश जारी होने के अधिकतम 15 दिवस के अन्दर सामग्री प्रदाय कर इंस्टालेशन कराया जाना होगा।

8. सफल निविदाकर्ता द्वारा 12 नग ए0सी0 में से 12 नग ए0सी0 का इंस्टालेशन जिला न्यायालय रतलाम, में किया जावेगा।

9. आवश्यकतानुसार प्री–बिड बैठक पश्चात् टेण्डर में दर्शित सामग्री की संख्या अथवा ए0सी0 क्षमता संबंधी मापदंड घटाये या बढ़ाये जा सकते है जिसे तत्पश्चात् माननीय उच्च न्यायालय की वेबसाईट पर अपलोड किया जावेगा।

10. किसी भी समय बिना किसी कारण के संपूर्ण निविदा अथवा किसी सामग्री को निविदा से संबंधित सभी अधिकार जिला एवं सत्र न्यायाधीश रतलाम के अधीन सुरक्षित रहेंगे।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश
रतलाम म.प्र.

::तकनीकी बिड::

| क. | सामग्री | संख्या | तकनीकी विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | **Inverter Technology Air-Conditioner 2.0 ton** | 07 | **ISO 9001 & 14001 Crtified wall Mount Split type 2.0 ton with minimum 3 star rating in which Indoor Unit is having LED Display, Auto Restart, self diagnosis, air vent cross flow/auto with moisture removal feature etc.** |
| 2 | **Inverter Technology Air-Conditioner 1.5 ton** | 04 | **ISO 9001 & 14001 Certified wall Mount Split type 1.5 ton with minimum 3 star rating in which Indoor Unit is having LED Display, Auto Restart, self diagnosis, air vent cross flow/auto with moisture removal feature etc.** |
| 3 | **Stabilizer for 2.0 ton Inverter Technology Air-Conditioner** | 07 | **Electronic voltage stabilizer of reputed make with voltage display and auto cut off facilities to support running of 2.0 ton capacity air-conditioner.** |
| 4 | **Stabilizer for 1.5 ton Inverter Technology Air-Conditioner** | 04 | **Electronic voltage stabilizer of reputed make with voltage display and auto cut off facilities to support running of 1.5 ton capacity air-conditioner.** |

:वित्तीय बिडः

1. वित्तीय बिड (रूपयों में) समस्त कर ,इस्टालेंशन चार्ज ,भाडा इत्यादी सहित ।
2. बिड दरों में न्यूनतम 05 साल की ऑनसाईट वारण्टी एवं टेक्निकल सर्पोट समाहित हो
3. सभी प्रकार के करों एवं कय मूल्य का खुलासा एवं सकल योग स्पष्ट रूप से निविदा में अंकित किया जावे ।

निविदाकर्ता संस्था का नाम :– ............................................................
ए.सी.की कंपनी :– ............................................................
ए.सी. का मॉडल :– ............................................................

| क्र0 | सामग्री का विवरण | प्रति नगर दर | टैक्स विवरण | मूल्य | ए.सी.संख्या | कुल मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Invertetr Technology split Air Conditioner of 2.0 ton capacity with minimum 3 star rating (including all necessary accessories and installation charge) | | | | 06 | |
| 2 | Invertetr Technology split Air Conditioner of 1.5 ton capacity with minimum 3 star rating (including all necessary accessories and installation charge) | | | | 06 | |
| 3 | Stabilizer for 2.0 ton Inverter Technology Air conditioner | | | | 06 | |
| 4 | Stabilizer for 1.5 ton Inverter Technology Air conditioner | | | | 06 | |
| | | | | | **Grand Total** | |

बिड का कुल मूल्य (रूपयों में) ............................................................

बिड का कुल मूल्य (शब्दों में) ............................................................

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर एवं सील ............................................................

निविदाकर्ता का नाम ............................................................

संपूर्ण पता ............................................................

दूरभाष नंबर एवं ई मेल आईं.डी. ............................................................

दिनांक ............................................................